# ऑडियो-विज़ुअल प्रोडक्शन एजेंसियों को एम्पैनल करने के लिए रुचि प्रकटन

**I. ऑडियो-विज़ुअल (एवी) प्रोडक्शन एजेंसियों का एम्पैनलमेंटः** भारतीय निर्यात-आयात बैंक ('बैंक') कॉर्पोरेट फिल्मों और डॉक्यूमेंट्रियों, विज्ञापन फिल्मों, सोशल मीडिया के लिए शॉर्ट फिल्मों, लाइव वेबकास्ट/ फेसबुक लाइव / यूट्यूब लाइव के प्रबंधन, कार्यक्रमों के वीडियो कवरेज, एनिमेशन और ग्राफिक्स, पोस्ट प्रोडक्शन और फुटेज की एडिटिंग आदि में कम से कम 5 साल का अनुभव रखने वाली इच्छुक एवी प्रोडक्शन एजेंसियों से बैंक की एवी अपेक्षाओं में सहयोग के लिए सीलबंद रुचि पत्र ('आवेदन') आमंत्रित करता है।

**II. एवी प्रोडक्शन एजेंसियों के एम्पैनलमेंट के लिए पूर्व अहर्ता मानदंड:**

**एजेंसियों के पास निम्नलिखित होना अपेक्षित है:The Agencies should have:**

(क) मुंबई में पूर्ण कार्यालय के साथ भारत में मौजूदगी, जहां कम से कम 5 स्टाफ सदस्य हों;

(ख) बीते दो वर्षों (यानी वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2016-17) में कम से कम ₹ 20 लाख का वार्षिक टर्नओवर हो। (दस्तावेजी प्रमाण साथ दिया जाना चाहिए);

(ग) एजेंसियां बीते चार वर्षों से अस्तित्व में हों यानी एजेंसी 31 मार्च, 2013 के बाद न बनी हो;

(घ) बनाई गई कॉर्पोरेट और डॉक्यूमेंट्रियां फिल्में और कार्यक्रमों के लाइव कवरेज का प्रबंधन किया हो (प्रमाण संलग्न किए जाने चाहिए); और

(ङ) बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव हो (प्रमाण संलग्न किए जाने चाहिए)।

**III. एम्पैनलमेंट के नियम एवं शर्तें:**

क) एजेंसियों को भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संगठन और / अथवा किसी अन्य बैंक द्वारा अयोग्य / ब्लैकलिस्ट घोषित न किया गया हो। एजेंसी के प्रमोटरों और / अथवा निदेशकों का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड हो। इस संबंध में एजेंसी द्वारा एक घोषणा पत्र भी आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

ख) एजेंसियों का मुंबई में पूर्ण कार्यालय हो और देश के अन्य बड़े शहरों में शाखाएं / टाई-अप हों।

ग) एजेंसियों को बैंकिंग और वित्तीय सेवा संस्थानों (बीएफएसआई) के साथ काम करने का पर्याप्त अनुभव हो।

घ) एजेंसियों का अल्पकालीन सूचना पर संचार की विभिन्न अपेक्षाओं को पूरा करने का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा हो।

ङ) एजेंसियों के पास अत्याधुनिक उपकरण हों और पोस्ट प्रोडक्शन के लिए उनके अपने स्टूडियो हों या स्टूडियो से उनके टाई-अप हों।

च) बैंक सभी या कोई भी आवेदन / प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए खारिज कर सकता है।

छ) एम्पैनलमेंट के लिए किया गया सशर्त या अपूर्ण आवेदन खारिज कर दिया जाएगा।

ज) एजेंसियों से उम्मीद की जाती है कि वे उच्च स्तरीय प्रोफेशनल आदर्शों का पालन करती हों और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बैंक के हितों को नुकसान पहुंचता हो। एजेंसियां समुचित निर्देश न मिलने तक मामलों की गोपनीयता बनाए रखेंगी। उपर्युक्त में से किसी का भी उल्लंघन होने पर बैंक एजेंसी पर दंड लगा सकता है।

झ) कम से कम दो एजेंसियों को तीन साल के लिए एम्पैनल किया जाएगा, जो एक साल बाद बैंक की संतुष्टि के अध्यधीन होगा। यदि एम्पैनल की गई एजेंसी की सेवाएं बैंक की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरती हैं तो बैंक एजेंसी की सेवाएं समाप्त कर सकता है और बिना किसी बाध्यता अथवा किसी को बिना कोई कारण बताए शॉर्ट लिस्ट की हुई अगली एजेंसी को नियुक्त कर सकता है। इस तरह की कार्रवाई से होने वाले किसी भी नुकसान अथवा क्षति के लिए बैंक जवाबदेह नहीं होगा।

**IV. भुगतान**

क) भुगतान सबसे कम कोटेशन देने वाली एजेंसी को सौंपी गई परियोजना के आधार पर किया जाएगा।
ख) एजेंसी को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
ग) आयकर आदि सहित सभी लागू करों की स्रोत पर कटौती, आयकर अधिनियम, 1961 और यथा लागू अन्य कानूनी प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

**V. न्यायाधिकार क्षेत्र**

इस आवेदन के अंतर्गत यदि पार्टियों के बीच इस आवेदन को लेकर / आवेदन के संबंध में किसी भी तरह का कोई विवाद या मतभेद पैदा होता है तो उसका निपटान भारत के कानूनों के अनुसार किया जाएगा और किसी भी वाद पर पार्टियों की सुनवाई अपरिवर्तनीय रूप से मुंबई की अदालतों के न्यायाधिकार क्षेत्र में ही होगी, इस संबंध में कार्यवाही भी इसी न्यायाधिकार क्षेत्र में होगी।

## VI. एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन प्रस्तुत करना

आवेदन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा, जिसके ऊपर "एवी प्रोडक्शन के एम्पैनलमेंट के लिए ईओएल" लिखा होना चाहिए, जो महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संचार समूह के नाम **शुक्रवार, 5 मई, 2017 को शाम 5 बजे तक** या इससे पहले निम्नलिखित पते पर मिल जाना चाहिएः

भारतीय निर्यात-आयात बैंक, 21वीं मंज़िल, विश्व व्यापार केंद्र कॉम्प्लेक्स, केंद्र एक भवन, कफ़ परेड, मुंबई - 400005

## VII. आवेदन फॉर्म के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

क) किसी प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा सत्यापित वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2016-17 की बैलेंस शीट की प्रतियां अथवा टर्नओवर का प्रमाण

(नोटः यदि दस्तावेजों के अनुसार एजेंसी को योग्य नहीं पाया गया तो उसे चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिबंधित किया जा सकता है।)

ख) क्लॉज III (ए) में निर्दिष्ट अनुसार एजेंसी की घोषणा, जिसका प्रारूप अनुलग्नक I में दिया गया है।

ग) बीएफएसआई / सरकारी क्षेत्र के मौजूदा ग्राहकों के दो रेफरेंस के साथ प्रमाण, जिनसे प्रमाणीकरण के लिए संपर्क किया जा सके।

घ) बैंक के लिए विनिर्दिष्ट किए जाने वाले प्रोपराइटर / प्रोड्यूसर की विस्तृत प्रोफाइल, जिसका प्रारूप अनुलग्नक II में दिया गया है।

ङ) एजेंसी के पैन कार्ड, सेवा कर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति।

## VIII. एम्पैनलमेंट के लिए चयन प्रक्रिया

उपर्युक्त (II और III) के मानदंड पूरा करने वाली एजेंसियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के लिए दिए गए अंकों के अनुसार किया जाएगाः

**क. इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्षमताएं: 60 अंक**

**(उत्तर बिंदुवार दिए जाने हैं)**

ए.1.एजेंसी के प्रोपराइटर/प्रोड्यूसर की विस्तृत प्रोफाइलः15 अंक
(प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता अनुलग्नक II में दिए अनुसार संलग्न की जानी है)।

ए.2. कॉर्पोरेट और डॉक्यूमेंट्री फिल्में बनाने का पूर्व अनुभवः15 अंक
(मौजूदा ग्राहकों के लिए किए गए काम का प्रमाण संलग्न किया जाना है)।

ए.3. सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्रों / बीएफएसआई / ग्राहकों की सूचीः 15 अंक (प्रत्येक ग्राहक के लिए 5 अंक, अधिकतम 15 अंक)

ए.4. एक्ज़िम बैंक के साथ पूर्व कार्य अनुभवः 10 अंक

ए.5. भारत और विदेशों में मौजूदगीः 5 अंक (प्रत्येक कार्यालय के लिए 1 अंक)

**नोटः उपर्युक्त मानदंडों (ए) के आधार पर शॉर्टलिस्ट की गई अधिकतम 5 एजेंसियों को मई 2017 के मध्य में बैंक में प्रजेंटेशन के लिए बुलाया जाएगा, जहां उनका मूल्यांकन निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर किया जाएगा। एजेंसियों के लिए बेहतर होगा कि वे आवेदन प्रस्तुत किए जाने के समय ही अपनी प्रजेंटेशन तैयार रखें। उन्हें प्रजेंटेशन के लिए अल्पकालिक सूचना पर आमंत्रित किया जा सकता है। प्रजेंटेशन की अवधि लगभग 30 मिनट होगी।**

**ए. परिचय संबंधी प्रस्तुति-40 अंक**

बी.1. बैंक की मौजूदा स्थिति और बैंक की छवि को कॉर्पोरेट फिल्मों के जरिए और मजबूत बनाने के लिए प्रस्तावित रणनीतिः 20 अंक

बी.2. ऐसी केस स्टडी, जिसमें एजेंसी ने अपने ग्राहकों को मिसाल पेश करने वाली सेवाएं प्रदान की हों और एजेंसी को कोई पुरस्कार मिला होः 20 अंक

**कृपया नोट कीजिए:** एजेंसी / एजेंसियों को उपर्युक्त मानदंडों के आधार पर ही शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। बैंक किसी भी एजेंसी या सभी एजेंसियों को शॉर्टलिस्ट, चयनित या खारिज कर सकता है। एजेंसी / एजेंसियों के चयन में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। बैंक द्वारा चयनित एजेंसी को तदनुसार सूचित कर दिया जाएगा।

## एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन
## APPLICATION FOR EMPANELMENT

1. एजेंसी का नाम NAME OF THE AGENCY:

2. मुंबई कार्यालय का पता OFFICE ADDRESS IN MUMBAI:

3. फोन PHONE :

4. फैक्स FAX :

5. ईमेल E-MAIL :

6. एजेंसी स्ट्रक्चर AGENCY STRUCTURE :
7. (क्या भागीदारी फर्म है या प्रोपराइटरशिप फर्म या प्राइवेट लिमिटेड/लिमिटेड कंपनी आदि है)
   (Whether Partnership Firm or Sole Proprietorship Firm or Private Limited/Limited Company etc.)

8. निदेशकों / भागीदारों / प्रोपराइटरों आदि के नाम
   (पैन कार्ड के साथ)
   NAME OF DIRECTORS / PARTNERS/ PROPRIETORS ETC.:
   (Along with PAN Card)

9. शाखा(एं)/ टाई-अप (यदि हैं) BRANCH(ES) / TIE-UPS(If any):

10. कंपनी बनने की तारीख DATE OF INCORPORATION:

1. बीते दो वर्षों के दौरान एजेंसी का टर्नओवर (लाख रुपए में)
2. TURNOVER OF THE AGENCY DURING PAST 2 YEARS (IN ₹ lakhs)
   (इसके साथ प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा सत्यापित बीते दो वर्षों की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट या दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने हैं)
   (To be supported by audited balance sheet or documents attested by a competent authority, for last two years)
   वर्ष YEAR
   2014 – 2015:
   2015 – 2016:

3. सेवाकर रजिस्ट्रेशन नंबरः (कृपया प्रति संलग्न करें)
   SERVICE TAX REGISTRATION NO.: (Please attach the copy)

4. फर्म का पैन नंबरः (कृपया प्रति संलग्न करें)
   PAN NO. OF THE FIRM: (Please attach the copy)

5. एजेंसी द्वारा बीते पांच वर्षों में निष्पादित कॉन्ट्रैक्ट संबंधी किसी भी सिविल वाद / मुकदमे का विवरण। यदि कोई वाद/मुकदमा है तो उसका विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   DETAILS REGARDING ANY CIVIL SUIT/LITIGATION IN THE CONTRACTS EXECUTED BY THE AGENCY DURING THE LAST 5 YEARS. GIVE DETAILS IF ANY:

अनुलग्नक I

ANNEXURE I

## घोषणा Declaration

मैं / हम एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ / करते हैं किः

I /We do hereby certify that:

(i) हमारी एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बैंक संगठन (आईबीए), किसी अन्य बैंक और / अथवा कंपनी से अयोग्य / ब्लैकलिस्ट घोषित नहीं किया गया है;
Our Agency has not been disqualified / blacklisted by Reserve Bank of India, Indian Banks' Association, any other Bank and/or Company;

(ii) एजेंसी अथवा इसके प्रमोटरों और / अथवा निदेशकों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं चल रहा है;
No litigation is being pursued against the Agency or its promoters and / or directors;

(iii) एजेंसी और इसके प्रमोटरों / निदेशकों ने किसी भी ऋणदाता के साथ चूक (डिफॉल्ट) नहीं की है और उनके खिलाफ कोई भी बकाया / मांग लंबित नहीं है;
The Agency and its promoters / directors have not defaulted with any of its lenders and no dues or demands are pending against them;

दी गई उपर्युक्त सूचना पूरी तरह सही और सत्य है। यदि कोई भी झूठी सूचना दी गई है अथवा किसी भी सूचना को छिपाया गया है तो आवेदन खारिज हो जाएगा और यदि उचित हुआ तो दंड भी लगाया जा सकता है।
The information as provided above is correct and true in all respect. In case of furnishing any false information or suppression of any material information, the application shall be liable for rejection besides penalty can be imposed, if it deemed fit.

हस्ताक्षर Signature

प्राधिकृत हस्ताक्षरी का नाम और पदनाम Name and Designation of Authorized Signatory

एजेंसी का नाम Name of the Agency

मुहर Seal

तारीख Date:
स्थान Place:

**(यदि एजेंसी यह घोषणा कर पाने में असमर्थ है तो कृपया इसका कारण बताइए और आरबीआई / आईबीए / किसी अन्य संस्था द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने का कारण बताइए।)**
(In case the Agency is unable to make this declaration, please provide information regarding the reason for disqualification by RBI / IBA/ any other institution and the reason(s), thereof.)

अनुलग्नक II
ANNEXURE II

## एम्पैनलमेंट के बाद एक्ज़िम बैंक के लिए निर्धारित किए जाने वाले प्रस्तावित प्रोफेशनल स्टाफ के सीवी के लिए प्रारूप
## FORMAT OF CURRICULUM VITAE (CV) FOR PROPOSED PROFESSIONAL STAFF WHO WILL BE DEDICATED TO EXIM BANK AFTER EMPANELEMENT

1. प्रोड्यूसर / प्रोपराइटर का नाम Name of Producer / Proprietor:

2. जन्म तिथि Date of Birth:

3. नागरिकता Nationality:

4. शिक्षा [कॉलेज/विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों, हासिल की गई डिग्रियों और उनकी तारीखों का उल्लेख करें]:
   Education [*Indicate college/university and other specialized education, giving names of institutions, degrees obtained, and dates of obtainment*]:

5. निर्धारित कार्य को बेहतरीन तरीके से करने की क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला कोई उदाहरण
   Work undertaken that best illustrates capability to handle tasks assigned:
   - असाइनमेंट या परियोजना का नाम Name of assignment or project:
   - वर्ष Year:
   - स्थान Location:
   - ग्राहक Client:
   - परियोजना की प्रमुख विशेषताएं Main project features:
   - पुरस्कार, यदि कोई मिले Accolades, if any:

हस्ताक्षर Signature